पाठ = 5

नादान दोस्त

दिन : शुक्रवार
दिनांक : 22 मई, 2020

कठिन शब्द :-

1.	कार्निस	कार्निस
2.	विद्वानों	विद्वानों
3.	जिज्ञासा	जिज्ञासा
4.	अनुमान	अनुमान
5.	मुसीबत	मुसीबत
6.	मुश्किल	मुश्किल
7.	दफ़्तर	दफ़्तर
8.	हिफाजत	हिफाज़त
9.	आहिस्ता	आहिस्ता
10.	हिस्सेदार	हिस्सेदार

11.	यकायक	यकायक
12.	अफ़सोस	अफ़सोस
13.	सत्यानाश	सत्यानाश
14.	स्टूल	स्टूल

शब्दार्थ :-

1.	फ़ुरसत	आराम
2.	पेचीदा	कठिन
3.	जिज्ञासा	जानने की इच्छा
4.	अनुमान	अंदाजा
5.	तकलीफ	कष्ट
6.	स्वीकृति	मंजूरी
7.	मुश्किल	कठिन

8.	झुंझलाकर	खीझकर
9.	कार्निस	दीवार की कंगनी
10.	चिथड़े	फटे - पुराने कपड़े
11.	किवाड़	दरवाजा
12.	विश्वास	भरोसा
13.	एकाएक	अचानक
14.	सोटी	डंडा
15.	अफसोस	दुःख
16.	हिफाजत	रक्षा
17.	सूरत	शक्ल

प्र० / उ० :-

प्र० 1. अंडो को देखकर केशव और श्यामा के मन में तरह - तरह के सवाल

क्यों उठते थे ?

उ०- केशव और श्यामा के मन में अंडो को देखकर तरह - तरह के सवाल इसलिए उठते थे क्योंकि उन्होंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा था। वे अंडो के बारे में जानना चाहते थे।

प्र० 2. वे आपस में सवाल - जवाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों दे दिया करते थे ?

उ०- अंडो के बारे में दोनों आपस में ही सवाल जवाब करके अपने दिल को तसल्ली दे दिया करते थे क्योंकि उनके प्रश्नों का उत्तर देने वाला कोई नहीं था। अम्मा को घर के कामों और बाबू जी को पढ़ने - लिखने से फुरसत ना थी।

प्र० 3. प्रेमचन्द ने इस कहानी का नाम 'नादान दोस्त' रखा, तुम इसे क्या शीर्षक देना चाहोगे ?

उ०- मैं इस कहानी को 'चिड़िया के अण्डे' शीर्षक देना चाहूँगी / चाहूँगा।

प्र० 4. केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी और दाना - पानी माँगकर कार्निस पर क्यों रखे थे ?

उ० - केशव ने श्यामा से दाना पानी माँगकर कार्निस पर चिड़िया के खाने - पीने, चिथड़े अंडो के आराम, टोकरी धूप से बचने के लिए रखे थे।

प्र० 5. पाठ के आधार पर बताओ कि अंडे गंदे क्यों हुए और अंडो का क्या हुआ ?

उ० - केशव के छूने से अंडे गंदे हो गए, चिड़िया ने फिर उन्हें नहीं सेया और उन अंडो को नीचे गिराकर नष्ट कर दिया।

प्र० 6. चार गुणवाचक वाक्य लिखें और उनके वाक्य बनाओं।

उ० - (i) सुंदर = बगीचे में सुंदर फूल खिले हैं।

(ii) अच्छा = राम अच्छा बच्चा है।

(iii) बड़ा = यह लड्डू बहुत बड़ा है।

(iv) लम्बा : वह लड़का बहुत लम्बा है।

प्र० 4. निम्नलिखित क्रिया - विशेषणों का वाक्य में प्रयोग करो :-

1. केशव ने झुँझलाकर कहा .....
⇒ राम ने झुँझलाकर खिलौना फेंक दिया।

2. केशव सेती सूरत बनाकर बोला .....
⇒ उसने नाव बनाकर पानी में चलाई।

3. केशव घबराकर उठा .....
⇒ मोहन घबराकर भाग गया।

4. केशव ने टोकरी को एक टहनी से टिकाकर ...
⇒ मोहन बैट को घुटनों से टिकाकर खड़ा हो गया।

5. श्याम ने गिड़गिड़ाकर कहा .....
⇒ भिखारी गिड़गिड़ाकर भीख माँगने लगा।